मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 195, मुंबई, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# दैनिक मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर



## भारत की द. अफ्रीका पर सबसे बड़ी जीत

# कोहली मैन ऑफ द मैच

**एक पारी और 137 रन से हराया**

**विराट कोहली ने अजहर की बराबरी की**

**संवाददाता/पुणे।** भारत ने पुणे में खेले गए तीन टेस्ट की सीरीज के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 137 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। पारी के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह सबसे बड़ी जीत है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पिछली बार 2010 में पारी और 57 रन से हराया था। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### उमेश-जडेजा ने दूसरी पारी में 3-3 विकेट लिए

दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 48 रन डीन एल्गर ने बनाए। टेम्बा बवुमा ने 38, वर्नोन फिलैंडर ने 37 और केशव महाराज ने 22 रन का योगदान दिया। भारत के लिए उमेश यादव और रविंद्र जडेजा ने 3-3 विकेट लिए। अश्विन को दो, इशांत शर्मा और मोहम्मद शमी को एक-एक सफलता मिली।






## प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करना स्वरा को पड़ा भारी

### गंवाए 4 ब्रांड्स

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अक्सर अपने पॉलिटिकल बयानों की वजह से सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी रहती हैं। पिछले दिनों लोक सभा चुनाव के दौरान उन्होंने खुलकर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था। लेकिन उनका यह काम उनपर ही भारी पड़ गया। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**महाराष्ट्र चुनाव**

# कश्मीर हमारा मस्तक: मोदी

**...हिम्मत है तो विपक्षी दल अनुच्छेद 370 को वापस लाने का वादा करें**



### महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी चार दिन में 9 रैलियां करेंगे

### मुंबई में 18 अक्टूबर को मोदी की अंतिम रैली

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव से विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाने और तीन तलाक खत्म करने के विरोध पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। रैली में मोदी ने कहा कि कश्मीर हमारा मस्तक है, नापाक पड़ोसी वहां अशांति फैलाने की कोशिश में जुटा है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### महाराष्ट्र में बोले राहुल गांधी...

# चांद पर रॉकेट भेजने से नहीं भरेगा देश के युवाओं का पेट

### कांग्रेस नेता ने पूछा- नोटबंदी-जीएसटी से किसका भला हुआ

**मुंबई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को महाराष्ट्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। मोदी सरकार पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने कहा कि चांद पर रॉकेट भेजने से महाराष्ट्र और देश के युवा के पेट मे खाना नहीं जाएगा। हम यहा आएं हैं, तो चांद के बारे में वादा नहीं करेंगे। हम वही वादा करेंगे, जो हम पूरा कर सकते हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने मीडिया को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मीडिया सबसे बड़े उद्योगपतियों का है। अभी तो नुकसान शुरू हुआ है और आने वाले 6-7 महीने में इसका बहुत गलत असर होगा।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मनपा लगाएगी 1,439 सीसीटीवी कैमरे

**नवी मुंबई।** आने वाले कुछ महीनों में नवी मुंबई मनपा और भी सुरक्षित होने वाली है। मनपा जल्द ही पूरे शहर में 1,439 सीसीटीवी लगाएगी, जिस पर करीब 155 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

मनपा प्रशासन के इस प्रस्ताव को महासभा और स्थायी समिति पहले ही मंजूर कर चुकी है। इसकी निविदा निकालने से पहले ही विधानसभा चुनाव घोषित हो गए और आचार संहिता लागू हो गई। आचार संहिता समाप्त होते ही मनपा निविदा जारी कर देगी। यह काम संभवतः नवंबर में किया जाएगा। सभी कैमरे बेहद अत्याधुनिक श्रेणी के होंगे। इनमें विभिन्न वाहनों के आगे और पीछे लगी नंबर प्लेट को आसानी से पढ़ लेने वाले 54 एएनपीआर कैमरे, बाजार परिसरों में 396 पैन-टिल्ट-जूम यानी पीटीजेड कैमरे तथा 27 बड़े चौराहों पर हाई डेफिनेशन व हाईस्पीड क्षमता वाले 108 कैमरे खाड़ी व समुद्री किनारों पर नजर रखने वाले 9 थर्मल कैमरे शामिल हैं।

### रूसी महिला ने पुलिस अधिकारी पर लगाया रेप का आरोप

**मुंबई।** रूस की एक महिला ने महाराष्ट्र के एक पुलिस अधिकारी पर रेप का आरोप लगाया है। महिला का यह भी कहना है कि इस अधिकारी से उसने एक बच्चे को भी जन्म दिया है। महिला का आरोप है कि इस अधिकारी ने उसका रूस का पासपार्ट जब्त कर लिया और फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड व अन्य फर्जी दस्तावेज पर उसका भारतीय पासपोर्ट बनवा दिया।

इस महिला ने यह भी आरोप लगाया कि एक रेव पार्टी में एक लड़की की ड्रग की ओवरडोज से मौत हो गई। इस लड़की को बाद में जला दिया गया। जब उसका भाई पड़ताल करने आया, तो उसे भी गोली मार दी गई और फिर उसे भी जला दिया गया। यही नहीं, इन दोनों केसों के सारे सबूत नष्ट कर दिए गए।

मुंबई पुलिस के प्रवक्ता प्रणय अशोक ने मीडिया को बताया कि एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया अभी चल रही है। प्रवक्ता के अनुसार, यह केस 2004 का है। आरोपी इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी है। वर्तमान में वह पिंपरी-चिंचवाड पुलिस में कार्यरत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभिक शिकायत रेप की है।

### राज्य सरकार के कर्मचारियों को 8 दिन पहले ही मिल जाएगी सैलरी

**मुंबई।** राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। इस साल 1 नवंबर को मिलने वाला वेतन आठ दिन पहले यानी 24 अक्टूबर को ही मिल जाएगा। यह निर्णय 27 अक्टूबर को पड़ने वाली दिवाली के कारण लिया गया है।

इसका फायदा सरकारी, अर्धसरकारी, जिला परिषद, पंचायत समिति, शिक्षा संस्थान, कृषि विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को मिलेगा। सूत्रों के अनुसार, पेंशनधारकों को भी इस निर्णय का फायदा मिलेगा।

वैसे सरकार हर महीने की पहली तारीख को अपने कर्मचारियों को वेतन देती है, लेकिन इस बार दीपावली का पर्व महीने के अंत में 27 अक्टूबर को पड़ रहा है, ऐसे में कर्मचारियों को त्योहार मनाने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए आठ दिन पहले ही वेतन देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इसके पहले भी कई बार सरकार इस तरह का निर्णय ले चुकी है।

# बाला साहेब की शिवसेना शाह की बीजेपी के आगे कैसे हुई 'बेबस'?

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले शिवसेना के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाला साहेब ठाकरे बीजेपी के लिए एक कोड वर्ड बनाए हुए थे, जैसे- कमला बाई। उनकी जिंदगी में शिवसेना कभी बीजेपी के आगे झुकी नहीं बल्कि बाला साहेब के लिए यह मशहूर है कि वह कहा करते थे कि 'कमला बाई वही करेगी जो मैं कहूंगा'। एक-दो नहीं बल्कि तमाम मौकों पर उन्होंने इस बात की परवाह नहीं की कि सहयोगी दल के रूप में बीजेपी का क्या स्टैंड है?



2007 के राष्ट्रपति के चुनाव में उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार भैरो सिंह शेखावत के बजाय कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल को समर्थन देकर सबको चौंका दिया था। अपनी पूरी जिंदगी वह बीजेपी के किसी नेता के घर राजनीतिक मुद्दों पर बात करने नहीं गए, बल्कि बीजेपी को जब भी जरूरत हुई उसके आला नेताओं ने ही मुंबई पहुंचकर बाला साहेब के दरबार में हाजिरी लगाई। बाला साहेब ने जो कह दिया, बस वही अंतिम वाक्य बना और बीजेपी को नतमस्तक होकर उसे मानना पड़ा लेकिन यह सब उस दौर की बात है जब अमित शाह बीजेपी के अध्यक्ष नहीं थे।

अमित शाह के अध्यक्ष बनने के बाद नए रूप में आई बीजेपी के मुकाबले शिवसेना को अपना अस्तित्व बचाने की चिंता सताए जा रही है। उसी मजबूरी के तहत शिवसेना पहली बार महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में बीजेपी के 'जूनियर पार्टनर' के रूप में चुनाव लड़ने को मजबूर हुई है। 2014 के चुनाव में बीजेपी का जूनियर न बनने की जिद के चलते अलग होकर चुनाव लड़ने का हश्र देख चुकी है। बीजेपी के लिए अब शिवसेना मजबूरी नहीं, बल्कि शिवसेना के लिए बीजेपी मजबूरी बन गई है। जूनियर पार्टनर के रूप में शिवसेना को राज्य के चुनाव में महज 124 सीटें मिली हैं। इस समीकरण के आधार पर शिवसेना को राज्य में अकेले अपने बल पर सरकार बनाने की उम्मीदों को छोड़ना ही पड़ा।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का शंखनाद होते ही सियासी पारा चढ़ गया है। यहां 21 अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान होंगे और 24 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। बीजेपी की ओर से एक बार फिर देवेंद्र फडणवीस सीएम फेस हैं।

## ऐक्ट्रेस से फ्लाइट पर छेड़छाड़: आरोपी की सफाई, 'फ्लाइट पर सो रहा था, पुलिस से पता चला मामला'

**मुंबई।** दो साल पहले एक फ्लाइट पर नाबालिग ऐक्ट्रेस से छेड़छाड़ के आरोपी ने कोर्ट के सामने अपनी सफाई पेश की है। उन्होंने कहा है कि वह फ्लाइट पर सो गए थे और उन्हें पूरे मामले के बारे में कुछ पता नहीं था। मुंबई वापस लौटने पर जब उनके घर पुलिस आई तब उनकी पत्न ी ने उन्हें बताया कि उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।



पवई निवासी 41 वर्षीय विकास सचदेवा ने स्पेशल कोर्ट को बताया है कि जिस दिन कथित घटना हुई, वह फ्लाइट के बिजनस क्लास में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में अपने रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से वापस मुंबई लौटकर आ रहे थे और फ्लाइट में बैठते ही सो गए थे। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने एयरहोस्टेस से उन्हें डिस्टर्ब न करने के लिए कहा क्योंकि वह थक गए थे।

सचदेवा ने बताया कि आधी रात को अपने घर पहुंचने तक उन्हें वाकये का पता ही नहीं था। उन्होंने बताया कि जब 10 दिसंबर को वह सामान लेने बाहर गए तो वापस लौटने पर उनकी पत्नी ने बताया कि पुलिस कथित घटना के संबंध में घर आई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई जहां एक ऑफिसर ने उन्हें उनके खिलाफ दर्ज कराए गए केस के बारे में बताया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 20 दिसंबर को जमानत मिल गई।

सचदेवा ने गुरुवार को कहा कि उनकी सोसायटी के सीसीटीवी कैमरा से इस बात की पुष्टि की जा सकती है। अभियोजन पक्ष ने सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। सचदेवा को 17 अक्टूबर को क्रॉस-एग्जामिन किया जाएगा। बता दें कि 9 दिसंबर, 2017 को पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

### पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ लड़ने वाले बागियों को बीजेपी ने किया बाहर

**मुंबई।** बीजेपी-शिवसेना गठबंधन से पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ चुनावी जंग लड़ने वालों को बीजेपी ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

गुरुवार को बीजेपी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि मीरा-भाईंदर से पार्टी उम्मीदवार नरेंद्र मेहता के खिलाफ पार्टी की ही गीता जैन ने ताल ठोक रखी है। गीता जैन के बागी बनने से बीजेपी दो खेमे में बंट गई है।

गुरुवार को गीता जैन को बीजेपी से अगली सूचना तक पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। तुमसर से बागी बने चरण वाघमारे, पिंपडी चिंचवड से बालासाहेब ओव्हाड, लातूर से दिलीप देशमुख को भी पार्टी से निकाल दिया गया है।

## 30 से ज्यादा मामलों में वॉन्टेड, कार से आता था चोरी करने

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच की यूनिट-3 ने राहुल थापा नामक एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो किसी बिल्डिंग में सेंधमारी के लिए कार में बैठकर आता था। इंस्पेक्टर नितिन पाटील ने एनबीटी को बताया कि राहुल कई साल तक जेल में बंद भी रह चुका है। राहुल मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। साल 2008 में वह सेंधमारी के 20 से ज्यादा केसों में गिरफ्तार भी हो चुका है।

साल 2011 में वह जेल से बाहर आया और फिर वारदात करने लगा। पूछताछ में उसने पिछले 8 साल में 30 से ज्यादा चोरियों की बात कबूल की है, पर क्राइम ब्रांच को शक है कि यह संख्या और भी ज्यादा होगी। राहुल ने अपना नया ठिकाना ऐरोली में बनाया था। वहां से वह सुबह कार से निकलता था और फिर मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे में बिल्डिंगों के बाहर अपनी कार से उतरता था। वह किसी बिल्डिंग में घुसने से पहले यह चेक करता था कि गेट पर वॉचमैन जवान है या बुजुर्ग/ यदि वॉचमैन बुजुर्ग है और बिल्डिंग में सीसीटीवी नहीं है, तब वह किसी बहाने बिल्डिंग में घुसता था और फिर उन घरों का मुआयना करता था, जहां बाहर से ताला लगा रहता था। वह फौरन उस घर का ताला और लैच तोड़ता था और फिर घर से कैश व ज्वैलरी लेकर पांच मिनट में अपनी कार में वापस बैठ जाता था और फिर भाग जाता था।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बिग बॉस विवाद: सलमान के घर के बाहर प्रदर्शन के बाद सुरक्षा बढ़ी

## जावड़ेकर बोले- शो के कंटेंट की रिपोर्ट हफ्तेभर में मिलेगी


**संवाददाता**

**मुंबई।** रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 13' के खिलाफ विरोध बढ़ता ही जा रहा है। फिल्म अभिनेता सलमान खान के बंगले के बाहर हुए प्रदर्शन के बाद मुंबई पुलिस ने उनके आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। प्रदर्शनकारियों ने बिग बॉस शो पर प्रतिबंध की मांग को लेकर सलमान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के घर के बाहर प्रदर्शन किया था। वे बिग बॉस में अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाते हुए शो को बंद करने की मांग थी। प्रदर्शन करने वाले खुद को करणी सेना से जुड़े कार्यकर्ता बता रहे थे। पुलिस ने 12 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इनमें कुछ महिलाएं भी थीं। बिग बॉस पर प्रतिबंध लगाए जाने के विवाद को लेकर केंद्र सरकार



ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से रिपोर्ट मांगी है। शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि हमें एक हफ्ते में शो के कंटेंट से जुड़ी पूरी रिपोर्ट मिल जाएगी। इसके बाद साफ हो जाएगा कि इसमें क्या दिखाया जा रहा है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के भाजपा विधायक ने पत्र लिखकर सरकार से बिग बॉस के जरिए अश्लीलता फैलाए जाने की भी शिकायत की थी। बिग बॉस को लेकर हिंदू परिषद का आरोप है कि शो के होस्ट सलमान खान लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं। शो में अलग-अलग समुदाय के लोगों को बिस्तर साझा करने के लिए कहकर अश्लीलता फैलाई जा रही है। परिषद के नेता प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के कानपुर में पिछले रविवार को प्रदर्शन किया गया था और सलमान का पुतला फूंका गया था।

## चोला ओढ़ कर खून की दलाली? राहुल गांधी पर बरसे अमित शाह



**कोल्हापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में राज्य की जनता के सामने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए विपक्ष की जमकर खिंचाई की। अमित शाह ने जनता से कहा आपको अगली बार मोदी और राहुल बाबा में से कौन चाहिए, चुनाव कर लीजिए। इस मौके पर अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने बीजेपी नेताओं पर 'चोला ओढ़कर खून की दलाली' करने का आरोप लगाया था। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी जनसभा में बोलते हुए अमित शाह ने कहा, महाराष्ट्र की जनता के सामने दो विकल्प हैं एक ओर मोदी जी, देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे जी के नेतृत्व में बीजेपी और शिवसेना है, तो दूसरी ओर राहुल बाबा और शरद पवार जी हैं। इन दोनों के बीच में महाराष्ट्र की जनता को निर्णय लेना है। इससे पहले अनुच्छेद 370 का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा, देश और महाराष्ट्र की जनता ने मोदी जी को 300 से अधिक सीटें दे दी और मोदी जी ने सांसद के पहले ही सत्र में 70 साल से देश की जनता के सीने में कश्मीर के अनुच्छेद 370 को लेकर जो कसक थी, उसे 5 अगस्त को उखाड़ फेंका।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### भारत की द. अफ्रीका पर सबसे बड़ी जीत

साथ ही टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर ये लगातार 11वीं सीरीज जीत है। पिछली बार उसे 2012 में इंग्लैंड ने हराया था। पहली पारी में नाबाद 254 रन बनाने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। मैच में भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 601 रन बनाकर पारी घोषित की थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 275 पर ऑलआउट हुई। फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में अफ्रीकी टीम 189 रन ही बना सकी। दोनों टीमों के बीच सीरीज का आखिरी मैच 19 अक्टूबर से रांची में होगा। पहला टेस्ट भारत 203 रन से जीता था। कोहली की कप्तानी भारत की पारी से ये आठवीं जीत है। इस मामले में उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन की बराबरी कर ली। उनसे आगे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी (9) हैं। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका की टीम फरवरी 2010 के बाद पहली बार भारत के खिलाफ पारी से हारी। तब टीम इंडिया ने कोलकाता में उसे पारी और 57 रन से हराया था। रविचंद्रन अश्विन ने डीन एल्गर को 48 रन पर उमेश यादव के हाथों कैच आउट कराया। इसी के साथ उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट के मामले में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर चामिंडा वास और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेनिस लिली को पीछे छोड़ दिया। अश्विन ने अब तक 67 टेस्ट में 356 विकेट लिए हैं। अश्विन ने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में अब तक दो विकेट लिए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहली बार फॉलोऑन खिलाया है। साथ ही इंडिया 2008 के बाद अफ्रीकी टीम को फॉलोऑन खिलाने वाली पहली टीम भी बन गई है। आखिरी बार इंग्लैंड ने जुलाई 2008 में लॉर्ड्स टेस्ट में द. अफ्रीका को फॉलोऑन खिलाया था। यह मैच ड्रॉ रहा था। अश्विन अफ्रीकी टीम के ओपनर डीन एल्गर को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने एल्गर को 6 बार पवेलियन भेजा। अश्विन के बाद श्रीलंका के दिलरुवान परेरा, ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन और इंग्लैंड के मोईन अली ने 5-5 बार एल्गर को आउट किया।

### महाराष्ट्र में बोले राहुल गांधी...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया कि नोटबंदी और जीएसटी से किसका भला हुआ? उन्होंने कहा कि नोटबंदी से नीरव मोदी जैसे लोगों का भला हुआ। किसान डरता है और नीरव मोदी जैसे लोग चैन से सोते है। उन्होंने कहा कि नीरव मोदी तो भाग गया और पीएम नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि अगर नोटबंदी से भला नहीं हुआ, तो मुझे फांसी दो। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी के मेक इन इंडिया को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया का क्या हुआ? यह तो मेक इन चाइना हो रहा है। मीडिया यह क्यों नहीं दिखाता कि कुछ भी देखो मेड इन चाइना है। चाइना के युवा को रोजगार मिल रहा है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान हमने आपको आश्वस्त किया था कि पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत हर किसान को लाया जाएगा और छोटे किसानों को पेंशन की सुविधा से जोड़ा जाएगा। आज ये दोनों वायदे हकीकत में बदल चुके हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने पानी का मुद्दा भी जनता के बीच उठाया। उन्होंने कहा, पहले पानी के मामलों को अलग-अलग मंत्रालय और विभाग देखते थे, सब बिखरा पड़ा था। इसका एक असर ये भी था कि पानी से जुड़ी योजनाएं पूरा होने में वर्षों लग जाते थे। अब ये सभी विभाग जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत लाये गए हैं।

### कश्मीर हमारा मस्तक...

अनुच्छेद 370 पर अटल फैसला कुछ नेताओं को मंजूर नहीं है। उन्हें चुनौती देता हूं कि दम है तो अपने घोषणापत्र में लिखें- हम 370 को वापस लाएंगे। इसके बाद मोदी ने भंडारा में भी रैली की। प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री की राज्य में चार दिन में 9 रैलियां होंगी। मोदी ने राकांपा प्रमुख शरद पवार का नाम लिए बगैर उनके एक वायरल वीडियो पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक बड़े नेता का मन इतना छोटा है कि उन्होंने अपने स्वागत कार्यक्रम में कोहनी मारकर कार्यकर्ता को हटा दिया ताकि उनकी फोटो अच्छी आ सके। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में जाति और सम्प्रदाय को भूलकर एक निर्णायक जनादेश दिया। उसने भारत की छवि को चार चांद लगा दिए। आपके इसी जनादेश का परिणाम है कि आज भारत की आवाज दुनिया मजबूती से सुन रही है। विश्व का हर देश, हर क्षेत्र भारत के साथ खड़ा दिखता है। भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं विरोधियों (कांग्रेस-राकांपा) को चुनौती देता हूं कि आपमें हिम्मत है तो इस चुनाव में फर्म स्टैंड लेकर सामने आएं। अगर दम है तो इस चुनाव में और आने वाले चुनावों में जम्मू कश्मीर और लद्दाख के विषय में अनाप शनाप बातें करने वाले लोग घोषणापत्र में ऐलान करें कि अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे। दावा करें कि 5 अगस्त के निर्णय को पलट देंगे, मैं चुनौती देता हूं। इनमें से किसी में यह दम है क्या? क्या हिंदुस्तान ऐसा किसी को करने देगा। आपका राजनीतिक भविष्य तक नहीं बचेगा। विपक्षियों को पता है उनकी चलने वाली नहीं इसलिए घड़ियाली आंसू बहाने में जुटे हैं। कश्मीर में हालात सामान्य होने में चार महीने भी नहीं लगेंगे। प्रधानमंत्री बुधवार और गुरुवार को तीन रैलियां करेंगे। इस दौरान वे अकोला, ऐरोली (नवी मुंबई), पर्टूर, पुणे, सतारा और परली जाएंगे। आखिर में वे 18 अक्टूबर को मुंबई में चुनावी जनसभा के साथ महाराष्ट्र में चुनावी अभियान का समापन करेंगे। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। ऐसे में सभी पार्टियां प्रचार के आखिरी दिनों में पूरा जोर लगा रहीं हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही राज्य में प्रचार की कमान संभाली है।

### प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार...

दरअसल, प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करने के कारण स्वरा को अपने चार अलग-अलग ब्रांड्स से हाथ धोना पड़ गया। इंडिया फिल्म प्रोजेक्ट में अपनी आने वाली फिल्म शीर कोरमा के पोस्टर लॉन्च के दौरान स्वरा ने इस पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, पब्लिक पर्सनैलिटी के तौर पर आप नेगेटिव चीजों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। अगर समाज के ताकतवर लोग यह जिम्मेदारी लें कि हमें ऐसा समाज बनाना है जिसमें इन कामों के लिए सजा नहीं दी जाएगी। आगे उन्होंने कहा, जिस दिन लोक सभा चुनाव के लिए मैंने प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया उसी दिन मैंनें चार ब्रांड्स और तीन इवेंट्स खो दिए। असल में सार्वजनिक जीवन जीने के दौरान कई चीजें दांव पर लगी होती हैं। कई बार किसी सुपरस्टार के किसी बयान के बाद उसकी कार पर पत्थर फेंक दिए जाते हैं। गौर करें तो यह देखने को मिलेगा कि बतौर स्टार जीवन जीते वक्त खुद की जिंदगी, परिवार और करियर लगातार दांव पर लगे होते हैं। लेकिन एक बेहतर समाज की जिम्मेदारी है कि वो सबको मौका दे। इसके अलावा स्वरा ने अपनी फिल्म शीर-कोरमा पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अब समय आ गया है जब मेनस्ट्रीम बॉलीवुड और दूसरी भाषाओं वाली फिल्म इंडस्ट्री समाज के प्रति थोड़ा संवेदनशील और जिम्मेदार होकर अलग-अलग मुद्दों को प्रेजेंट करें। किसी चीज को अगर मैंने अनुभव नहीं किया है तो इसका ये मतलब नहीं कि वह मौजूद ही नहीं है। और यह अपनी धार्मिक पहचान, जाति के पहचान के साथ साथ जेंडर की पहचान के लिए भी सच है। फिल्म शीर-कोरमा में स्वरा के साथ दिव्या दत्ता नजर आएंगी। इसमें दोनों ने लेस्बियन का रोल निभाया है।






# रिया शर्मा

## अपने अभिनय से बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई



**माया** नगरी मुंबई में इनदिनों एक और मॉडल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई है। उनकी नाम हैं रिया शर्मा बॉलीवुड में यह चर्चा हैं कि कम समय में इस एक्ट्रेस ने अपने अंचल में सब को कैसे बांध ली हैं। टीवी सीरियल में पिछले 3 सालों से अपने अभिनय से लोगो के दिल में अलग स्थान बना लिया है। जी हां इस बोल्ड अवतार वाली एक्ट्रेस रिया शर्मा ही हैं। जब रिया मुंबई आई तब किसी को नही जानती थी। आंखों में एक ही सपना लेकर आई थी कि अभिनेत्री बन कर लोगो के दिल में राज करना। माया नगरी मुंबई में ना जानें कितने लोग रोज आते हैं अपनी सपनों को साकार करने लेकिन सब को यह नसीब नहीं हो पाते हैं। रिया शर्मा ने भी संघर्ष कर आज एक मुकाम तक आ पहुँची। रिया कहती हैं 6 साल पहले जब जबलपुर से मुंबई आई तब पता नहीं था कि कैसे इस इंडस्ट्री में एंट्री करू। घर वाले नाराज थे फिर भी मैं मुंबई आ गई। उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद बचपन से ही सपना था कि एक दिन मैं भी स्टार बनूंगी। जब मैं काम के लिए ऑफिस ऑफिस घूमने लगी तब मुझे ऐसे लोग भी मिले की 'आज सेक्स कल फिल्म' बोलने वाले। मैं डर जाती थी। सोचा कहाँ आ गई लेकिन कुछ ही दिनों में मेरी मुलाकात कुछ अच्छे लोगो से होने लगा। सब पेशों में अच्छे और बुरे प्रभाव के लोग होते हैं इसका मतलब यह नही की पूरी इंडस्ट्री ही खराब हैं। पूरे दो साल मुंबई में संघर्ष किया। मीटिंग के लिए पैदल चलकर जाती थी। रिक्शा के लिए भी पैसा नहीं होता। रैम्पवॉक कर कुछ पैसा कमा लेती थी लेकिन कभी गलत काम करके पैसा कमाना सोची नही। मेरे पास अपना टैलेंट थी। मैं थियेटर कर चुकी हूँ। मुझे अपने आप पर भरोसा था। कुछ एक दो कीड़े मकोड़े के लिए इंडस्ट्री थोड़ी बदनाम जरूर है। मुझे बोल्ड सीन नही करनी हैं। में कभी भी एकता कपूर के वेबसेरिस में काम नही करनी हैं क्योंकि एकता बहुत बोल्ड और न्यूड वेबसेरिस बनाती हैं। काफी संघर्ष के बाद आज मैं कलर्स चैनल, जी टीवी, सोनी टीवी में बहुत सीरियल में काम कर चुकी हुं और कर रही हूं। रिया शर्मा ने बताया कि अगर कोम्प्रोमाईज करती तो आज बहुत आगे जाती थी लेकिन



मुझे इस तरह से काम नही करना था। बोल्ड सीन से मुझे कुछ तकलीफ नहीं लेकिन अच्छा प्रोडक्शन हाउस हो या स्क्रिप्ट का डिमांड हो लेकिन यूट्यूब जैसे वीडियो के लिए बोल्ड सीन नही करना हैं। बोल्ड सीन देना तो पड़ता ही हैं क्योंकि आज के दौर में यह एक कॉमन चीज है। आजकल तो टीवी सीरियल में भी बोल्ड सीन हिती हैं। रिया का लव स्टोरी बिल्कुल खाली हैं क्योंकि रिया शर्मा अब तक किसी से भी प्यार नही करती। उनका कहना है कि पहले कैरियर बनाना हैं नाम कनानी हैं। उसके बाद मेरे पचन्द का कोई मिल जाए तो जरूर लव भी कर लुंगी। मेरी प्यार और आशाओं की अंचल बहुत लंबी अवधि तक हैं।

# डॉ सुनीता ने दिल जीता कैंपेन और मेडकसपेइंडिया अवार्ड्स 2019 द्वारा










**मेड** स्केप इंडिया की चेयरपर्सन प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉ सुनीता दुबे ने स्वास्थ्य देखभाल, सेव द गर्ल, वुमन एम्पावरमेंट और कई अन्य सामाजिक कारणों के लिए कई अभियान शुरू किया। वह सामाजिक कार्यों के प्रति अत्यधिक प्रभावशाली हैं और लोगों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से प्रेरित करती है।

उन्होंने 8 वीं मेड स्केप इंडिया अवार्ड नाइट का आयोजन किया। मेड स्केप इंडिया स्वैच्छिक डॉक्टरों और समान विचारधारा वाले लोगों का एक स्वयंसेवी संगठन है, जो स्वास्थ्य सेवा और 'सेव द गर्ल चाइल्ड टू वीमेन एम्पावरमेंट' पर 14 वर्षों से अधिक समय से लगातार काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन की मुख्य अतिथि श्रीमती राजश्री बिड़ला, आशीष चौहान, डॉ. काथेकेयन, अंजू दुबे पांडे, फ्रांसिस्को ममोर्लेजो (एजुकेशन स्पेशलिस्ट, वर्ल्ड बैंक) और श्रीमती राजश्री बिड़ला थीं।

साथ ही मधुलिका सिंह (संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं पर शोध विश्लेषक), मृणालिनी देशमुख (महिला अंक विशेषज्ञ) भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। सेलिब्रिटी मेहमान के तौर पर आशा पारेख, संग्राम सिंह, अलिफिया, सोमी खान, सबा खान, अर्चना कोचर, स्नेहा गोगोई ने कार्यक्रम की शोभा बधाई। उसी अवसर पर गायिका जेबा, डॉ. राहुल जोशी, सुजैन डीमेलो ने सुंदर गीत गाए और डॉक्टरों और दर्शकों का मनोरंजन किया। स्प्रिचुअल हेल्थ का प्रतिष्ठित पुरस्कार सद्गुरु को प्राप्त हुआ और पीवी सिंधु (बैडमिंटन चैंपियन) खेल श्रेणी में महिला सशक्तिकरण की पुरस्कार विजेता बनी, जिन्होंने 'सेव द गर्ल चाइल्ड' और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए पूरे दिल से समर्थन दिया जो 5 साल से सक्रिय है और 8 वें मेड स्केप इंडिया नेशनल अवाड्र्स 2019 में डॉ. सुनीता दुबे के अथक मेहनत और प्रयासों की प्रशंसा की। कायक्रम के दौरान 'वाइटपेपर इन हेल्थकेयर' को राजश्री बिड़ला और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा लॉन्च किया गया। मेड स्केप इंडिया ने ग्रामीण स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए मोबाइल क्लिनिक के लिए 'फिट इंडिया ऑन व्हील' लॉन्च किया।

'मेड स्केप इंडिया' के तहत श्रीमती राजश्री बिड़ला ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में दस लाख रोगियों के उपचार के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की। जिनेवा वउउक से कैंसर जागरूकता संगठन प्राप्त दक्षिण अफ्रीका के डॉ. एशले को होम्योपैथी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




**हाल ही में श्रेया फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनी लेखक व निर्देशक अरशद सिद्धिकी की फिल्म ऑफिसर अर्जुन सिंह आई.पी. एस बैच 2000 का ट्रेलर और म्यूजिक रिलीज किया गया। इस मौके पर फिल्म के निमार्ता लक्ष्मीनारायण पांडेय 'गुरुजी', अभिनेता प्रियांशु चटर्जी, गोविंद नामदेव, दीपराज राणा, पंकज बैरी, गायक तोची रैना सहित कई हस्तियां मौजूद थी। यह फिल्म एक ऐसे ईमानदार पुलिस ऑफिसर पर आधारित है जो एक पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए राजनीतिक दबाव सहते हुए अपने पूरे सिस्टम से लड़ता है, फिल्म आगामी 18 अक्टूबर को रिलीज होगी।**

# 'रामराज्य' का शानदार ट्रेलर लॉन्च

**रामराज्य** का अर्थ समाज की एक आदर्श स्थिति जहां लोग अपने धर्म या दर्शन का पालन करते हुए बिना किसी भय और आक्रामकता के साथ शांति और सद्भाव में रह सकते हैं। ली हीलियस फिल्म्स द्वारा निर्मित हिंदी फिल्म 'रामराज्य' का ट्रेलर भव्य रूप से अंधेरी मुंबई में लॉन्च किया गया। उसी अवसर पर फिल्म के कलाकार अमनप्रीत सिंह, शोभिता राणा, सलमान शेख, शाश्वत प्रतीक, संदीप भोजक, मुश्ताक खान के अलावा फिल्म के लेखक शिवानंद सिन्हा, निर्देशक नितेश राय, बिजनेस हेड विक्रमादित्य नारायण सहित स्पेशल गेस्ट के रूप में उपेंद्र चतुवेर्दी और कॉमेडियन सुनील पाल उपस्थित हुए। इस फिल्म के निमार्ता प्रबीर सिन्हा हैं जिसमें गोविंद नामदेव, राजेश शर्मा और मुख्तार देखाणी भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर लॉन्च के दौरान शिवानंद सिन्हा ने कहा कि श्री राम, प्राचीन काल में अपने राज्य के भीतर एक संरचना व सिद्धांत को बनाए रखते थे जहां समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति राजा से न्याय, सहायता और स्नेह प्राप्त कर सकता था। आज हम घृणा, लालच, स्वार्थ, आतंकवाद, रिश्वत, दूसरों





के साथ बुरा व्यवहार, सांप्रदायिक मतभेद या दंगा जैसी स्थिति को समाप्त करके अपने देश में एक समान स्थिति लाना चाहते हैं साथ ही न्याय, रोजगार, व्यवसाय को आसान बनाना चाहते हैं। हम बेहतर भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता, शिक्षा, सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी प्रयासरत हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए मैंने 'रामराज्य' फिल्म का स्क्रिप्ट तैयार किया है। इसमें एंटरटेनमेंट संबंधी आवश्यक चीजों का भी ख्याल रखा गया है। फिल्म 'रामराज्य' में हमनें शिक्षा प्रणाली के उदाहरण स्थापित किए हैं जिसमें भौतिक, सामाजिक और सूचना प्रौद्योगिकी के अलावा सच्चा इतिहास, पौराणिक कथाएं, वेद, पवित्र महाकाव्य शामिल होने चाहिए वाली बात रखी गई है। फिल्म में सरकारी या निजी कार्यालयों में रिश्वत या भ्रष्टाचार को खत्म करने की विधि भी दशार्यी गयी है तथा सांप्रदायिक हिंसा और घृणा जैसी गंभीर समस्या का समाधान भी बताने की कोशिश की गई है और इन सभी के पीछे के लोगों का पर्दाफाश किया गया है।

# दीपशिखा हिंगवानी

## पहुंची फैशन फिएस्टा मिस इंडिया इंटरनेशनल के फाइनल में

**इस** साल के इंडियन फैशन फिएस्टा मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 की घोषणा हो चुकी है जिसके ग्रैंड फिनाले में दीपशिखा हिंगवानी प्रवेश कर चुकी है। इंडोनेसिया में होने वाली इस प्रतिस्प्रधा में दीपशिखा महाराष्ट्र को रिप्रेजेंट करने जा रही हैं। इंडियन फैशन फिएस्टा की तरफ से निमंत्रण मिलने के बाद दीपशिखा काफी उत्साहित हैं इस शो में भाग लेने के लिए। दीपशिखा को उम्मीद है कि वो इस प्रतिस्प्रधा को जरूर जीतेंगी। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दीपशिखा अपनी मां को पूरा श्रेय देती हैं जिनकी मेहनत की वजह से दीपशिखा अपने सर पर इंडियन फैशन फिएस्टा मिस इंडिया इंटरनेशनल का ताज पहनने के करीब पहुंची हैं। दीपशिखा ने हमसे बात करते हुवे कहा कि 'मैं आज जो कुछ भी हूं और भविष्य में जिस मुकाम पर पहुंचूं वो सब मेरी मम्मी की मेहनत का नतीजा है जिन्होंने मेरे लिए कई बार अपनी छोटी बड़ी खुशियों को दरकिनार कर मेरी खुशियों और मेरे भविष्य पर ध्यान लगाया'। बनारस में जन्मी दीपशिखा जब 8 साल की थी तब उनके पिता का निधन हो गया था। दीपशिखा की मां उन्हें लेकर मुम्बई आ गईं। दूसरी शादी की और दीपशिखा के नसीब से इनके दूसरे पिता भी बहुत अच्छे निकले जिन्होंने दीपशिखा को बेटी का प्यारा दिया। दीपशिखा स्टार एयर में एयर होस्टेस हैं जो मॉडलिंग की तरफ कदम बढ़ा रही हैं। इस पेजेंट में मौका मिलना उनके लिए बेहद खास है जो उन्हें अपनी मंजिल तक पहुंचाएगा क्योंकि दीपशिखा अपनी छोटी बहन इशू के साथ साथ देश की लाखों लड़कियों के प्रेरणा बनना चाहती हैं।










दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## प्रियंका चोपड़ा ने कमाई को लेकर कहा, 'ओवरवर्क लेकिन अंडरपेड हूं'

**फिल्म** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द स्काई इज पिंक' इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। प्रियंका चोपड़ा ने इस फिल्म का प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी फिल्म का प्रचार किया। हाल ही प्रियंका चोपड़ा ने ट्विटर पर उठाए गए कुछ सवालों के जवाब दिए। वह खुद की व्याख्या हैशटैग के माध्यम से करते हुए कहा कि उनके लिए 'ओवरवर्क लेकिन अंडरपेड' एकदम सही हैशटैग है। प्रियंका चोपड़ा रोल्स रॉयस की मालकिन हैं। प्रियंका चोपड़ा अपने काम को लेकर न्यूयॉर्क और मुंबई के बीच आते जाते रहती है। इस बीच फिल्म 'द स्काई इज पिंक' फिल्म क्रिटिक्स के अलावा दर्शकों को भी पसंद आई हैं। शोनाली बोस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में फरहान अख्तर, जायरा वसीम और रोहित सराफ की अहम भूमिकाएं हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में भारत में हुए एनबीए इंडिया 2019 की भी ब्रांड अम्बेसडर रही।

## अफेयर की खबरों से परेशान हुई मौनी रॉय




**फिल्म** अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मेड इन चाइना' के प्रचार प्रसार में लिए सह-कलाकार राजकमार राव के साथ व्यस्त हैं। यह फिल्म इस दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जब से मौनी रॉय ने टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में शूटिंग करना शुरू किया है, तभी से उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे में और उनके लव लाइफ के बारे में जानने की लोगों में जिज्ञासा रही है। हाल ही में मौनी रॉय को लेकर यह खबर आई थीं कि वह दुबई के एक बैंकर सूरज नांबियार को डेट कर रही हैं। कथित तौर पर सूरज नांबियार थाईलैंड के रिसॉर्ट में हुए मौनी के जन्मदिन समारोह में भी नजर आए थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि उनके सबसे करीबी दोस्तों में से एक रूपाली कादयान ने सूरज के साथ मौनी की तस्वीर भी पोस्ट की है, लेकिन इसे उन्होंने तुरंत हटा दिया है। इसके पहले मौनी रॉय का नाम 'उरी' फिल्म के अभिनेता मोहित रैना निर्देशक अयान मुखर्जी से जोड़ा जा चुका है।



# शराब की लत से जूझ चुकी हैं श्रुति

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रुति हासन हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड माइकल कोरसेल के साथ ब्रेकअप की खबरों को लेकर सुर्खियों में आई थीं। इस बारे में उन्होंने बताया था कि यह उनकी लाइफ का अच्छा एक्सपीरियंस रहा। अब श्रुति एक ने चैट शो पर अपनी शराब की लत के बारे में खुलकर बात की है। श्रुति ने उन्होंने बताया, मैं काफी समय तक व्हिस्की लवर थी। मैंने ब्रेक लिया और ये सबकुछ बंद करने का फैसला किया। ये मेरे लिए एक नया बदलाव है। जब उनसे पूछा गया कि क्या शराब छोड़ने की प्रक्रिया के दौरान उनके स्वास्थ्य पर कोई असर पड़ा था? जवाब में उन्होंने कहा कि हां, वास्तव में मैं बीमार थी, लेकिन मैंने ये बात किसी को नहीं बताई। मेरा मानना है कि यह निजी मामला है और मैंने इसे अपने किसी फ्रेंड्स या आउटसाइडर से शेयर नहीं किया। मुझे मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा और मैं खुद को ठीक करने की कोशिश कर रही थी। एक्ट्रेस ने बताया कि वह इस बात से परेशान नहीं होती हैं लोग उनके प्रोफेशनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर क्या सोचते हैं। उन्होंने कहा, मुझे परवाह नहीं है कि दूसरे लोगों का क्या कहना है। मैंने एक साल का ब्रेक लिया क्योंकि मैं एक ही तरह की रोल किए जा रही थी। वास्तव में, मेरे पास अपने दर्शकों के साथ केवल एक प्रकार की कनेक्टिविटी है। मैं अब काफी अच्छी तरह महसूस करती हूं कि मेरे पास एक हेल्दी माइंड और एक हेल्दी शरीर है। मैं बाहरी दुनिया में चल रही हर चीज से डील कर सकती हूं। बता दें कि श्रुति ने टीवी शो फीट अप विद द स्टार्स में अपने रिलेशनशिप के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, मैं थोड़ी कूल टाइप हूं।